>

Title : The Minister of Parliamentary Affairs and Minister of Water Resources laid a statement regarding Government Business for the week commencing the 3rd September, 2012 and submissions made by members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): With your permission, Madam, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 3rd of September, 2012 will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.
2. Further consideration and passing of following Bills:-
    (a) The National Accreditation Regulatory Authority for Higher Educational Institutions Bill, 2010; and
    (b) The Motor Vehicles (Amendment) Bill, 2012, as passed by Rajya Sabha.
3. Consideration and passing of the following Bills:-
    (a) The Prevention of Bribery of Foreign Public Officials and Officials of Public International Organisations Bill, 2011;
    (b) The Prevention of Money Laundering (Amendment) Bill, 2011;
    (c) The Unlawful Activities (Prevention) (Amendment) Bill, 2011;
    (d) The National Highways Authority of India (Amendment) Bill, 2011; and
    (e) The Banking Laws (Amendment) Bill, 2011;

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Submissions on the Statement of the Minister of Parliamentary Affairs shall be treated as laid on the Table of the House. Hon. Members may personally hand over slips at the Table of the House immediately.

...(*Interruptions*)

**ओश्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह):** निम्नलिखित विषयों को सप्ताह के अगले कार्यसूची में सम्मिलित करने की व्यवस्था की जाए ः-

1. भारत सरकार के उपक्रमों कोल इंडिया लि., सी.सी.एल. एवं बी.सी.सी.एल. में पेयजल की घोर समस्या है, जिसमें मेरे संसदीय क्षेत्र के बोकारो जिला में तेनुघाट डैम से बोकारो करगली, कथारा एवं डोरी क्षेत्र में जलापूर्ति योजना सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा जनहित में संबद्ध विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाने की मांग करता हूं।

2. कोल इंडिया द्वारा बी.सी.सी.एल. से लेकर हिरक रोड़ जो काफी जर्जर स्थिति में है एवं यह मार्ग कोल इंडिया के इकाइयों सी.सी.एल. एवं बी.सी.सी.एल. के ट्रंसपोटेशन का मुख्य मार्ग भी है एवं इस मार्ग को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त मार्ग के पुनः निर्माण एवं मजबूतीकरण हेतु संबद्ध विभाग (कोल इंडिया) को अतिशीघ्र आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग करता हूं।

**ओडॉ. भोला सिंह (नवादा):** माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने आगामी सप्ताह के लिए सदन में कार्ययोजना प्रस्तुत की है उसमें मैं निम्नलिखित दो प्रस्ताव जोड़ने की अनुमति चाहता हूं ः-

1. बिहार के नवादा जिले में अपरसकरी नदी में 700 करोड़ रूपये के बराज डैम बनाने की योजना को केन्द्रीय सरकार अविलम्ब स्वीकृति प्रदान करे।

2. बिहार के नवादा जिलांतर्गत रजौली में आणविक ताप विद्युत केन्द्र की प्रस्तावित योजना को केन्द्र सरकार बिहार सरकार के आश्वासन के आलोक में कार्यान्वयन के लिए शीघ्र हरी झंडी दे।

---

* Laid on the Table

**ओश्री मती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** अगले सप्ताह की कार्यवाही में निम्नलिखित विषयों को शामिल करने का कष्ट करें ः-

1. गुजरात की संजीवनी समान नर्मदा नदी पर बन रहा सरदार सरोवर प्रोजेक्ट फेज-1 के अंतर्गत उसकी ऊंचाई (138.68 मीटर) सेतु एवं दरवाजे के काम बिना मंजूरी के कई वर्षों से लंबित पड़े हैं। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त काम की मंजूरी शीघ्र बहाल करे।

2. मेरे निर्वाचन क्षेत्र के बहुचराजी, शखलपुर, विसनगर तथा गुजरात के अन्य सभी समपारों की लम्बाई-चौड़ाई के लंबित मामलों को शीघ्र ही मंजूरी दी जाए।

**ओश्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा):** अगले सप्ताह की कार्यवाही में निम्नलिखित विषयों को शामिल करने का कÂट करें ः-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा मं जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को बड़ी मात्रा में नुकसान हो रहा है। किसान पीड़ित हैं। अतः इसके लिए तत्काल उपाय किए जाएं।

2. मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा में रेलवे का एक भी रेक प्वाइंट नहीं है। पूरा क्षेत्र इसी वजह से तकलीफ में है। अतः रेक प्वाइंट की सुविधा रेलवे विभाग द्वारा प्रदान की जाए।

**ओश्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नांकित विषयों को सम्मिलित किया जाए ः-

1. देश में अधिकतर राज्यों में विधान सभा के साथ-साथ विधान परिषद् है, लेकिन कुछेक ऐसे भी राज्य हैं जहां विधान सभा तो है, मगर विधान परिषद् का गठन अब तक नहीं किया गया है। देश के विशेषकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली प्रदेश, जहां अब तक विधान परिषद् का गठन नहीं किया गया है, विधान परिषद् की स्थापना किए जाने से संबंधित विषय।

2. झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को एक निश्चित समय सीमा के अंदर आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक कारगर योजना बनाए जाने से संबंधित विषय।

---

* Laid on the Table

**ओश्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करने के संबंध में ः-

अगले सप्ताह की कार्यसूची में भारतीय संविधान के प्रावधान अनुसार अनुसूचित जाति से संबंधित कर्मियों को पदोन्नति में आरक्षण विषय पर चर्चा की जाए। वर्तमान में एम. नागराज केस में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद असमंजस की स्थिति पैदा हुई है।

**ओश्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** आगामी सप्ताह की कार्यसूची में दो विषय जोड़े जाएं ः-

1. बिहार राज्य के नालंदा जिले में नालंदा में पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय के काम को तेजी से किए जाने की आवश्यकता। क्योंकि इससे विश्व के मानचित्र पर भारत की स्थिति बेहद मजबूत होगी।

2. अंदरूनी और बाहरी खतरों को देखते हुए आयुध निर्माणी, राजगृह, नालंदा (बिहार) में यथाशीघ्र प्रोडक्शन शुरू किए जाने की आवश्यकता।

* Laid on the Table

...(*Interruptions*)

**12.03 hrs**

*At this stage, Shri Sansuma Khunggur Bwiswmuthiary went back to his seat.*

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet on Monday, the 3rd September, 2012 at 11 a.m.

**12.03 Â½ hrs**

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

*on Monday, September 3, 2012/Bhadra 12, 1934 (Saka).*

---

* The Annual Report and Audited Accounts were laid on 16.12.2011.